पंजाब केसरी 25/09/2025

# विद्यार्थियों की सामाजिक चेतना का प्रतीक है स्वैच्छिक दान अभियान : डॉ. रोहित दत्त




स्वैच्छिक दान अभियान में योगदान देते प्राचार्य डॉ. रोहित दत्त।




स्वयंसेवकों को प्रोत्साहित करते प्राचार्य डॉ. रोहित दत्त। (चंदमोहन)

अम्बाला, 24 सितम्बर (बलराम): छावनी स्थित गांधी मैमोरियल नैशनल कॉलेज की राष्ट्रीय सेवा योजना (एन.एस.एस.) इकाइयों ने राष्ट्रीय सेवा योजना दिवस पर वस्त्र और पुस्तक दान अभियान का आयोजन किया।

इस अवसर पर कॉलेज प्रांगण में विशेष शिविर लगाया गया, जिसमें छात्रों और शिक्षकों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। प्रतिभागियों एवं जिले के नागरिकों ने पुराने लेकिन उपयोगी वस्त्र, किताबें, स्टेशनरी और अन्य शैक्षिक सामग्री उत्साहपूर्वक दान किया।

अपने संबोधन में प्राचार्य डॉ. रोहित दत्त ने कहा कि स्वैच्छिक दान अभियान महाविद्यालय के विद्यार्थियों की सामाजिक चेतना और संवेदनशीलता का प्रतीक है तथा यह विद्यार्थियों के सामाजिक मूल्यों को सशक्त करता है। इस तरह के कार्यक्रम युवाओं में सेवा और सहयोग की भावना को प्रोत्साहित करते हैं तथा उन्हें समाज के प्रति अपनी जिम्मेदारी निभाने के लिए प्रेरित करते हैं। इस अभियान का उद्देश्य जरूरतमंद लोगों को सहयोग प्रदान करना, समाज में सकारात्मक बदलाव की पहल करना तथा युवाओं को सामाजिक जिम्मेदारी एवं दान की भावना से जोड़ना था। कार्यक्रम ने यह संदेश दिया कि छोटे-छोटे योगदान भी किसी के जीवन में बड़ा परिवर्तन ला सकते हैं।

उन्हें गर्व है कि कॉलेज के छात्र-छात्राएं शैक्षणिक उत्कृष्टता के साथ-साथ समाजसेवा में भी अग्रणी भूमिका निभा रहे हैं। यह पहल निश्चित रूप से समाज में सकारात्मक बदलाव की दिशा में एक सशक्त कदम है।

इस अवसर पर कार्यक्रम अधिकारियों डॉ. पिंकी गुप्ता और डॉ. चंद्रपाल पूनिया ने कहा कि उन्हें गर्व है कि कॉलेज के छात्र और शिक्षक समाजसेवा में इतनी गहरी रुचि रखते हैं।

उनकी यह पहल न केवल जरूरतमंदों की सहायता करेगी, बल्कि समाज में संवेदनशीलता और सहयोग की भावना को भी प्रोत्साहित करेगी। अभियान के संचालन में प्रो. श्याम रहेजा, प्रो. राजिंदर मीरवाल, प्रो. गीति बिंद्रा और प्रो. हर्षिता का विशेष सहयोग रहा।